53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय -7:11, सूर्यास्त-5:52 / वर्ष: 53/अंक : 26 रविवार, 26 जनवरी 2025 माघ कृष्ण पक्ष, द्वादशी सम्वत् 2081 / मूल्य 3 रुपये कुल पृष्ठ-12









53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

Happy Republic Day | गणतन्त्र दिवस 26 JANUARY

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय -7:11, सूर्यास्त-5:52 | वर्ष: 53/अंक : 26 | रविवार, 26 जनवरी 2025 | माघ कृष्ण पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-2

# तिरंगे के रंग में रंगा जनपद और बाजार, चौराहों पर गूंजे देशभक्ति के तराने



▸ बच्चों से युवाओं तक सिर चढ़कर बोला देशभक्ति का जुनून ▸ चहुंओर गूंजे देशभक्ति के तराने, तैयारी में जुटे आम-ओ-खास

**मुजफ्फरनगर, 25 जनवरी (बु.)।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जिले में सरकारी इमारतों से लेकर निजी भवनों तक रोशनी से सज गए हैं, वहीं घरों से नगर की सड़कों व चौराहों तक साफ सफाई के साथ डिवाइडरों पर लगे पोल व सरकारी भवनों को सजाने-संवरने के साथ देशभक्ति के तरानों से गली-कूचे और सभी बाजार गुंजायमान हो रहे हैं। वहीं मुख्य बाजारों से गली-मौहल्लों की दुकानों में तिरंगे झंडे की भी खूब खरीदारी होती देखी गई।

गणतन्त्र दिवस की पूर्व संध्या पर जिले में सभी सरकारी इमारतों से लेकर स्कूल-कॉलेज व निजी भवन रोशनी से जगमग हो उठे। इस बीच नगर मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर, विकास भवन, एसएसपी कार्यालय, पुलिस लाइन व जिला अस्पताल समेत अन्य सरकारी भवनों को खूब सजाया गया। जिले भर में निजी संस्थान व स्कूल-कॉलेज भी सजाए गए। वहीं जिले में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर दीपावली जैसा ही नजारा शहर में दिखाई दिया। देश के गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगे झंडे की मुख्य बाजारों से गली-मौहल्ले तक हर ओर इस बीच जमकर बिक्री हुई। इसके साथ बाजारों में तिरंगा बैंड, रिबन का बैज समेत अन्य तिरंगे खूब बिके। इस बीच बड़ी संख्या में लोगों ने गांधी आश्रम से भी तिरंगा झंडा खूब खरीदा गया। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर बाजार तरह-तरह के तिरंगों से पटा हुआ दिखाई दिया। इन तिरंगे झंडे के अलावा बाजारों में तिरंगा टोपी की भी धूम रही। इस बीच में मुख्यालय पर जगह-जगह तिरंगे झंडे की अस्थायी दुकानें बाजारों से गली-मौहल्लों में सजी हुई दिखाई दी। वहीं गणतंत्र दिवस की तैयारी को अंतिम रूप देने में विभागीय अधिकारी व कर्मचारी लगे रहे। बाजार में नई लुक एवं



आकर्षक डिजाइनों में तिरंगे झंडे की भरमार है। वहीं बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के पसंद का ध्यान रखा गया। यहां यह कहना गलत न होगा कि देश के साथ जनपद में लोगों के सिर देशभक्ति का जुनून बीते कई दिनों से बच्चों से युवाओं तक हर किसी के सिर चढ़कर बोल रहा है। ऐसे में हर दिल की चाहत है कि वे भी एक तिरंगा खरीदें। जिसकी जेब जैसी उसके पास वैसा तिरंगा झंडा है। इस समय तो तिरंगा बाजार में पांच रुपये लेकर 200 रुपये तक में बिक रहा है। स्कूली बच्चों की उत्सुकता देखते ही बन रही है। राष्ट्रीय पर्व को लेकर बाजारों में



तिरंगा झंडा, तिरंगा कलाई, तिरंगा टी-शर्ट, तिरंगा की तरह बनी टोपी भी आई हुई है। बाजारों में कार्यालय को सजाने के लिए झंडे की बिक्री खूब हुई। वहीं दफ्तरों के लोग इस बीच रंग बिरंगी झालरों के साथ झंडे के रंग के बैलून खरीद रहे हैं।

## सम्मानित पाठकों, विज्ञापनदाताओं के लिए सूचना

26 January | 76 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सम्मानित पाठकों, विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि आज राष्ट्रीय पर्व 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर आपका प्रिय समाचार पत्र 'दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन' 12 पृष्ठों का प्रकाशित किया जा रहा है तथा गणतंत्र दिवस के दिन अवकाश घोषित होने के कारण आपका प्रिय समाचार पत्र 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' सोमवार के स्थान पर मंगलवार को आपकी चाय पर हाजिर होगा। -सम्पादक

## नहीं बन रही बात, कंपनी फिर हड़ताल के मुहाने पर

### यूजर चार्ज देने के मूड में नहीं दिख रहे कर्मचारी, होगी कार्रवाई

**मुजफ्फरनगर, 25 जनवरी (बु.)।** नगरपालिका परिषद में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का जिम्मा संभाल रहे सुपरवाईजर पूर्व में तय शर्तों के अनुरूप कम्पनी को यूजर चार्ज का हिसाब नहीं दे रहे हैं, जिस कारण एमआईटूसी कम्पनी पालिका में यूजर चार्ज जमा नहीं कर पा रही है। ऐसे में कम्पनी के अधिकारियों ने सख्ती दिखाते हुए हिसाब मांगा तो कुछ सफाई कर्मचारियों ने कूड़ा वाहनों को रोक कर फिर से हंगामा कर दिया। अब कम्पनी उक्त सफाई कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई को करने के मूड़ में है।

नगरपालिका प्रशासन के साथ तय अनुबंध को कम्पनी के कुछ सफाई कर्मचारियों द्वारा पूरे शहर की सफाई व्यवस्था को प्रभावित करने का काम किया जा रहा है। दिल्ली की एमआईटूसी कम्पनी द्वारा सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने की खातिर शहर से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन किया जा रहा है। पालिका से हुए अनुबंध के तहत कम्पनी की नगर पालिका में यूजर चार्ज भी जमा कराना है, लेकिन कंपनी के सुपरवाईजर यूजर चार्ज का कोई हिसाब नहीं दे पा रहे है। जिस कारण कम्पनी पालिका में पूरा यूजर चार्ज जमा नहीं करा पा रही है। इस यूजर चार्ज को लेकर कुछ कर्मचारियों द्वारा इस बीच बड़ा खेल किया जा रहा है। शनिवार को कम्पनी के प्रोजेक्ट हैड कुलदीप सिंह ने जब हड़ताल के दौरान हुई वार्ता में तय शर्तों के बीच सुपरवाईजरों से यूजर चार्ज का हिसाब मांगा तो कुछ सफाई कर्मचारियों ने कूड़ा वाहनों को रोककर फिर से भोपा रोल स्थित कम्पनी के कार्यालय के बाहर हंगामा कर दिया। अब कम्पनी के अधिकारी इन सफाई कर्मचारियों का पूरा हिसाब किताब करते हुए उनके स्थान पर दूसरे सफाई कर्मचारियों को रखने की योजना बनाने के साथ ऐसे कर्मियों पर कार्रवाई करने के मूड में दिखाई दी है।

### नोएडा रेव पार्टी केस के गवाह को धमकाने पर एल्विश यादव पर केस दर्ज करने का आदेश

गाजियाबाद, 25 जनवरी (एजेंसी)। यू-ट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ कोर्ट ने नंदग्राम थाने में मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं। एल्विश पर कोर्ट ने नोएडा रेव पार्टी केस के गवाह सौरभ गुप्ता को धमकाने के आरोप में यह आदेश दिया है। नोएडा में वर्ष 2023 में रेव पार्टी में नशे के लिए सांप का जहर आपूर्ति करने के आरोप में सौरभ के भाई गौरव गुप्ता ने सेक्टर-49 थाने में दो नवंबर 2023 को मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे में सौरभ गवाह हैं।

## 69000 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने फिर शुरू किया आंदोलन

**लखनऊ, 25 जनवरी (एजेंसी)।** 69000 शिक्षक भर्ती में नियुक्ति की मांग को लेकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने शनिवार से फिर आंदोलन शुरू कर दिया है। शनिवार को बेसिक शिक्षा निदेशालय के सामने अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन ने अभ्यर्थियों की महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा से मुलाकात कराई, हालांकि समाधान न निकलने पर अभ्यर्थी धरने पर अड़े रहे। इस पर पुलिस ने सभी को ईको गार्डेन धरना स्थल भेज दिया। अभ्यर्थियों ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन दिया और सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के बारे में बताया। महानिदेशक ने कहा की 11 फरवरी को प्रस्तावित सुनवाई में विभाग मामले को जल्द निस्तारित करने सुप्रीम कोर्ट से निवेदन करेगा। हालांकि अभ्यर्थी उनके आश्वासन पर नहीं माने। उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही से ही यह मामला उलझता रहा है और वह चार साल से दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा कि वह सभी न्यायिक स्तर से उन्हें जीत मिली है।

## 22 हजार की कटी बिजली

**मुजफ्फरनगर, 25 जनवरी (बु.)।** ओटीएस योजना में पैसा जमा न करने पर पावर कारपोरेशन ने करीब 22 हजार बकायेदारों के बिजली कनेक्शन जनपद में काटे गए हैं। वहीं अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि बिना पैसा जमा कराए बिजली जोड़ी, तो चोरी की रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। पावर कारपोरेशन की एकमुश्त समाधान योजना में जनपद में अब तक करीब 1.10 लाख विद्युत उपभोक्ताओं ने करीब 88 करोड़ रुपये जमा कराए हैं। शासन स्तर से ओटीएस योजना की तिथि को बढ़ा दिया गया है। अब 31 जनवरी तक दूसरा व 15 फरवरी तक तीसरा चरण चलेगा। यूपी में बड़े बकायेदारों को लाभ पहुंचे और राजस्व वसूली के लिए पावर कारपोरेशन द्वारा ओटीएस योजना चलाई जा रही है। यह योजना बीते वर्ष 15 दिसम्बर 2024 से शुरू हुई है। जनपद में बकायेदार ओटीएस योजना का लाभ नहीं उठाया गया है। जनपद में करीब 5.84 लाख विद्युत बकायेदारों पर करीब 510 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है। इन तमाम उपभोक्ताओं को ओटीएस योजना के तहत लाभ मिल सकता है, लेकिन पहले चरण में मात्र 58 हजार उपभोक्ताओं द्वारा 52 करोड़ रुपये जमा कराए हैं। अब एक जनवरी से दूसरा चरण चल रहा है, जिसे बढ़ाकर 31 जनवरी तक कर दिया गया है। ओटीएस योजना में करीब 1.10 लाख उपभोक्ताओं ने करीब 88 करोड़ की धनराशि जमा कराई गई है।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## जिले के दो पुलिसकर्मी आज होंगे सिल्वर प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित

**मुजफ्फरनगर, 25 जनवरी (बु.)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपनी उत्कृष्ट सेवा देने वाले जनपद में ही तैनात एक इंस्पेक्टर और एक मुख्य आरक्षी को डीजीपी उत्तर प्रदेश के प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित किया जायेगा। 26 जनवरी के दिन गणतंत्र दिवस की परेड के बाद स्वयं डीआईजी-एसएसपी अभिषेक सिंह पुलिस लाइन समारोह स्थल पर दोनों पुलिस कर्मियों को मेडल देकर स्वयं सम्मानित करेंगे। आपको बता दें कि बुढ़ाना कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर आनंद देव मिश्रा के द्वारा चुनाव के दौरान एक बड़ी शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी गई थी। उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी अवैध असलाह बनाने की फैक्ट्री को पकड़वाने के नाते मुख्य भूमिका निभाने वाले आनंद देव मिश्र को सराहनीय सेवा के लिए प्रशंसा चिन्ह सिल्वर से नवाजा जायेगा। वहीं दूसरी ओर एसपी सिटी कार्यालय में तैनात मुख्य आरक्षी दिनेश पाल सिंह को भी उनकी सराहनीय सेवा के लिए शौर्य के आधार पर प्रशंसा सिल्वर से ही सम्मानित किया जायेगा। उक्त दोनों पुलिस कर्मियों को 26 जनवरी के दिन 76वें गणतंत्र दिवस की परेड के बाद स्वयं डीआईजी व एसएसपी अभिषेक सिंह मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे।

## किसान का बेटा रामबीर सिंह राष्ट्रपति पदक से होगा सम्मानित

**मुजफ्फरनगर, 25 जनवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर के चरथावल ब्लॉक के गांव दूधली के रहने वाले रामबीर सिंह पुंडीर को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जायेगा। 36 साल की लंबी सेवा देने वाले गरीब किसान स्वर्गीय दुर्गा सिंह के बेटे रामबीर सिंह को कोविड-19 के दौरान अपनी अत्याधिक समर्पित सेवाएं देने के साथ साथ एमएचए के पुलिस फर्स्ट डिवीजन में नियमित समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवाएं देने के लिए इस पदक के लिए चयनित किया गया है। आज 26 जनवरी को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जायेगा। रामबीर सिंह पुंडीर 1988 में हैड कांस्टेबल क्लर्क के रूप में विशिष्ट आईटीबीपी बल में शामिल हुए, जिसके आठ वर्षों बाद उन्होंने 1996 में इंस्पेक्टर की परीक्षा में भाग लिया और बाद में 2020 में सहायक कमांडेंट के रूप में पदोन्नत हुए। 36 वर्षों की अपनी लंबी सेवा के दौरान 1990 में पंजाब में उग्रवाद के कठिन दौर में पांच वर्षों के लिए भठिंडा, वर्ष 2000 में दो वर्षों के लिए कश्मीर के अनंतनाग घाटी में और चार वर्षों के लिए औली जैसी नौ हजार फीट की ऊंचाई पर ठंडी जगह पर तैनात रहे। इसके अतिरिक्त उन्होंने कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन के चलते अत्याधिक समर्पण के साथ अपनी सेवाएं प्रदान की। अपनी उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठ सेवाओं के चलते उन्हें डीजी के प्रशस्ति पत्र गोल्ड डिस्क से भी सम्मानित किया गया। आज 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्हें राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जायेगा, जो मुजफ्फरनगर जनपद के लिए गौरव की बात है।




## साइबर ठगों ने ड्रग्स के पार्सल में फंसाने का खौफ दिखाकर महिला से 20 लाख ठगे

**मुजफ्फरनगर, 25 जनवरी (बु.)।** साइबर ठगों ने ड्रग्स के पार्सल में फंसाने का खौफ दिखाकर महिला से 20 लाख रुपये ठग लिए, इसी के साथ-साथ एक रिटायर्ड अधिकारी को पॉलिसी का लालच देकर उनसे भी 18 लाख रुपये ठग लिये गये। इन दोनों घटनाओं में साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उत्तर प्रदेश पुलिस लगातार साइबर ठगों से आम जनता को आगाह कर रही है, मगर अधिक पैसा कमाने की चाहत कहिए या डर के अभाव में लोग इन ठगों के चंगुल में फंसने से नहीं बच पा रहे हैं। ऐसे ही दो मामले अलग-अलग मुजफ्फरनगर जनपद से सामने आये हैं, इसमें नई मंडी निवासी रिटायर्ड अधिकारी अश्वनी कुमार ने साइबर क्राइम थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि दो लोग अनिकेत मिश्रा और एम. नविश ने खुद को एनआईआर-एनएसडीएल का अधिकारी बताते हुए उनको जानकारी दी कि उनकी एक इंश्योरेंस पॉलिसी कई वर्ष पुरानी 68 लाख रुपये डिविडेंट के रूप में एनआईआर में जमा है, जिसका ईआईए में पंजीकरण कराकर आप भुगतान ले सकते हैं। अधिकारी अश्वनी कुमार उनके ाांसे में आ गये और उन्होंने साइबर ठगों के अनुसार बैंक के दो खातों में 18.57 हजार रुपये जमा कर दिये। जैसे ही पैसे साइबर ठगों के खाते में पहुंचे, मिनटों में साइबर ठगों से सम्पर्क टूट गया। दूसरी घटना में खतौली की रहने वाली महिला कनिका ने साइबर क्राइम थाने में जानकारी देते हुए बताया कि ठगों ने उससे फोन पर बात कर मेल आदि सारी जानकारी जुटा ली, जिसमें ठगों द्वारा सवाल किया गया कि कनिका ने कोई पार्सल मुंबई से ईरान के लिए भेजा है, कनिका ने जब इस बात से इंकार किया तो साइबर ठगों ने कनिका को डराते हुए कहा कि उक्त मामले में आप बुरी तरह से फंस जायेंगी और संगीन धाराओं में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो चुका है और वो तुरंत ही मुंबई पहुंचे। साइबर ठगों ने कनिका को जानकारी देते हुए बताया कि उनके पार्सल से साढ़े चार सौ ग्राम ड्रग्स और पांच किलो दवा, हार्ड डिस्क और दो अवैध भारतीय पासपोर्ट निकले हैं। कनिका के अनुसार एक ठग ने इंस्पेक्टर सोलंकी बनकर उनसे बात की। कुल मिलाकर कनिका ठगों के ाांसे में फंसती चली गई और उसने मुंबई जाने व संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के भय से 20 लाख रुपये उनके बताये खाते में ट्रांसफर कर दिये। इन दोनों ही मामलों में साइबर पुलिस टीम के द्वारा जांच शुरू कर दी गई है।



53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय -7:11, सूर्यास्त-5:52 / वर्षः 53/अंक : 26 रविवार, 26 जनवरी 2025 माघ कृष्ण पक्ष, द्वादशी सम्वत् 2081 / मूल्य 3 रुपये पृष्ठ-3



# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ

## जिला बार संघ में हुआ कार्यक्रम आयोजित

**मुजफ्फरनगर, 25 जनवरी (बु.)।** शनिवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के निर्वाचित अध्यक्ष व महासचिव ने अधिवक्ताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मतदाता जागरूकता के लिए शपथ दिलाई गई।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के फैंथम हॉल में शनिवार को संपन्न कार्यक्रम में जिला बार संघ के अध्यक्ष ठा. कंवरपाल सिंह और महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल ने मतदान के विषय में विस्तार से जानकारी दी। महासचिव चन्द्र वीर निर्वाल ने बताया कि भारत में लोकतंत्र की स्थापना के लिए 25 जनवरी 1950 को भारतीय चुनाव आयोग का गठन किया गया था। विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाने लगा था। वर्ष 2011 से स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महासचिव चन्द्रवीर निर्वाल ने अधिवक्ताओं को शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व महासचिव सुरेन्द्र मलिक, प्रदीप मलिक, इनाम इलाही त्यागी, जहीर आलम, आमोद त्यागी, अशोक त्यागी, अमित मैनी, हाकिम अली, प्रवीन शर्मा, नीरज गौतम, सर्वेश कुमार जोशी, हरितोश मोहन, मौ. मोहत्सिब, सचिन त्यागी, शिखा कौशिक, अखलाक चौधरी, शशी प्रभा, मनोज शर्मा, अनुराग, कुलदीप सिंह, रकमपाल सैनी, प्रवीन मलिक, राकेश मौर्य, अभिषेक खोखर, अंशु तोमर, रश्मि कश्यप, आदित्य शर्मा, कैसर अली, कु. उमा देवी आदि तमाम अधिवक्ता शामिल रहे।

### नगर पालिका में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस, चेयरपर्सन द्वारा दिलाई गई शपथ

# वोट का अधिकार जनता की सबसे बड़ी ताकत: मीनाक्षी

## पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने सभागार में चेयरपर्सन, अधिकारियों और कर्मियों का किया स्वागत





**मुजफ्फरनगर, 25 जनवरी (बु.)।** पालिका प्रांगण में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस शनिवार को पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की मौजूदगी में मनाया गया। इस दौरान उन्होंने पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाता दिवस पर मताधिकार की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार जनता को मिले अधिकारों में सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण अधिकार है। इस लिए हमें अपने देश के उत्थान में सही सरकार और व्यक्ति का चयन करने के लिए वोट अवश्य देना चाहिए। इसके लिए ही आज का दिन मनाया जाता है।

नगरपालिका परिषद् प्रांगण में शनिवार को मतदाता दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के सभागार में पहुंचने पर उनका यहां ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने स्वागत किया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतदाता दिवस की बधाई देने के साथ ही वोट के अधिकार को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि हम सभी को देश के लिए सही व्यक्ति और सरकार का चयन करने के लिए अपने वोट के अधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए। बाद में उन्होंने सभी को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए शपथ ग्रहण कराई। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, एई जलकल सुनील कुमार, जेई जल जितेन्द्र कुमार, लिपिक राजीव वर्मा, अशोक ढींगरा, प्रवीण कुमार, मैनपाल सिंह, मनोज बालियान, निपुण कन्नौजिया, गगन महेन्द्रा, आईटी प्रियेश कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रयागराज में होगा कृषि और ऋषि का संगम: धर्मेन्द्र मलिक

## 26 से 29 जनवरी तक संगम पर होगा किसान महाकुंभ, रवाना हुए किसान

**मुजफ्फरनगर, 25 जनवरी (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का चार दिवसीय किसान महाकुंभ प्रयागराज में आज से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर से लाखों की संख्या में किसान शामिल होंगे। इस कड़ी में शनिवार को जनपद मुजफ्फरनगर से सुधीर पंवार के नेतृत्व में हजारों किसान मेरठ और मुजफ्फरनगर से संगम व नौचंदी एक्सप्रेस से रवाना हो गए। भारतीय किसान यूनियन अरा. के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक ने बताया कि देश की धरोहर कृषि एवं ऋषि संस्कृति है। इस बार प्रयाग में कृषि एवं ऋषि का अनूठा संगम है। उन्होंने बताया कि किसान महाकुंभ में वैदिक कृषि को बढ़ाए जाने को लेकर अब भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक अखाड़ों के संतों के साथ भी चर्चा करेगी। किसानों की आय में वृद्धि, फसलों का लाभकारी मूल्य, मूल्य संवर्धन, सस्ता कृषि ऋण, फसल बीमा योजना, जलवायु परिवर्तन, संगठनात्मक ढांचा, सदस्यता अभियान जैसे अहम विषयों पर चर्चा कर समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि किसान महाकुंभ के अंतिम दिन 29 जनवरी को किसान महापंचायत का आयोजन होगी, जिसमें आगामी 6 माह के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

## यूपी में सर्दी की विदाई, अब खुलकर चहकेगी धूप

**लखनऊ, 25 जनवरी (एजेंसी)।** प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक मौसम स्थिर रहने वाला है। शनिवार को दिन में ज्यादातर हिस्सों में तेज रफ्तार से पछुआ हवा चली। मौसम विभाग का कहना है कि इससे कोहरा कम होगा और अधिकांश हिस्सों में धूप खिलेगी। इसकी वजह से दिन के तापमान में बढ़त देखने को मिल सकती है। हालांकि सुबह-शाम कोहरे के साथ रात में ठंड व गलन बरकरार रहेगी। पश्चिमी हिस्से से विक्षोभ के गुजरने के बाद प्रदेश में अब उत्तरी पछुआ हवाएं चलने लगी हैं।


























































53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय -7:11, सूर्यास्त-5:52 / वर्ष: 53/अंक : 26 रविवार, 26 जनवरी 2025 माघ कृष्ण पक्ष, द्वादशी सम्वत् 2081 / मूल्य 3 रुपये











# चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप को निरीक्षण के बीच रिकार्ड रूम में काम करता मिला कम्पनी बाग का माली, लगाई फटकार

## पालिका परिसर में साफ सफाई और अन्य सभी व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 25 जनवरी (बु.)।** नगरपालिका परिषद की दिशा और दशा बदलने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच शनिवार को पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने टाउनहाल में सफाई व्यवस्था के साथ ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखने की खातिर परिसर का निरीक्षण करते हुए जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान यहां पर एक माली को कार्यालय में बिना किसी आदेश कार्यरत पाकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त कर उसे मूल स्थल पर भेजने के निर्देश दिए तो पालिका परिसर में सफाई व्यवस्था सही नहीं पाये जाने पर भी वो काफी खफा दिखाई दी।

पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नगरपालिका मुख्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को सदैव अपने कार्यों के प्रति सजग एवं जिम्मेदार होने के साथ निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को परखा। चेयरपर्सन ने पालिका कर्मियों की उपस्थिति को चैक करते हुए ड्यूटी के प्रति जिम्मेदार होने की नसीहत दी। वहीं पालिका परिसर में दोनों पार्कों की बाउंड्री और अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। वहीं उन्होंने जलकल विभाग के एई सुनील कुमार के समक्ष इस बात को लेकर भी नाराजगी प्रकट की कि पूर्व के निरीक्षण में दिए टंकी के नीचे बने गोदाम की साफ-सफाई अभी तक नहीं कराई गई। रिकॉर्ड रूम में पहुंची तो वहां पर माली शैलेन्द्र कुमार कार्यरत पाया गया। इसको लेकर उन्होंने माली के इस कार्यालय में तैनात रहने के लिए जानकारी मांगी तो जानकारी मिली कि बिना किसी आदेश के माली शैलेन्द्र को कंपनी बाग से हटाकर रिकॉर्ड रूम में लगा लिया गया है। इसको लेकर चेयरपर्सन ने नाराजगी व्यक्त करते हुए माली शैलेन्द्र कुमार को वापस कम्पनी बाग भेजने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य विभाग के गैराज में सफाई का अभाव पाये जाने पर उन्होंने नियमित सफाई के निर्देश दिए तो वहीं कार्यालयों में सफाई नहीं होने की शिकायत मिलने पर सफाई नायक को बुला कर प्रतिदिन सुबह 10 बजे से पहले सभी कार्यालयों की साफ सफाई का कार्य निपटाने के लिए कहा है।








# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य कार्यक्रम आयोजित



**मुजफ्फरनगर, 25 जनवरी (बु.)।** राष्ट्र सेविका समिति के आह्वान पर विश्व हिन्दू परिषद व राष्ट्र सेविका समिति लक्ष्मीनगर की बहनों ने देश पर न्यौछावर होने वाले हजारों देशभक्त वीर-वीरांगनाओं का प्रेरणागीत "वन्दे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया।

गणतन्त्र दिवस की पूर्व संध्या पर टाऊनहाल प्रांगण में देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम में विद्या भारती से जुड़े विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखायी। लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों ने ये देश है वीर जवानों का, भागवन्ती सरस्वती विद्या मन्दिर की छात्राओं द्वारा "मेरा रंग दे बसंती चोला" व योगा प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। विपुल छाबड़ा, सोनी शर्मा द्वारा प्रस्तुत वन्देमातरम का जो गायक नहीं वो यहां पे रहने के लायक नहीं उसे नष्ट करने की खाकर कसम गाएंगे गाएंगे हम वन्देमातरम ने सभी श्रोताओं में जोश भर दिया। आरएसएस विभाग कार्यवाह प्रमोद त्यागी के उद्बोधन के बाद सभी ने पूरा वंदेमातरम सामूहिक रूप से गाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, आलोक स्वरूप, माधवी स्वरूप, डॉ. प्रदीप एवं साधना शांति मदन हॉस्पिटल, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत, सीए प्रगति कुमार, संदीप मैनी, अनिल स्वरूप, पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, ममता अग्रवाल, मंजू माहेश्वरी, ललित महेश्वरी, देवेंद्र कुमार गर्ग, नीति अग्रवाल, ललित अग्रवाल, अलका अग्रवाल, नितिन तायल, प्रीति गुप्ता, अंशु गर्ग, मोहित बंसल, डॉ. कमल गुप्ता, वनिता गर्ग, मीनाक्षी, प्रेरणा, ठा. जगत सिंह आदि मौजूद रहे। इस दौरान विशिष्ट आगन्तुकों को वन्देमातरम प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन प्रधानाचार्या सीमा गोयल व सुचित्रा सैनी ने किया।






# सौतेले भाई के पूरे परिवार को कत्ल करने वाले शातिर नईम को किया ढेर

**मेरठ, 25 जनवरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में पुलिस ने मुठभेड़ में 50 हजार के इनामी बदमाश को मार गिराया है। बदमाश नईम पर परिवार के पांच लोगों की हत्या करने वाला आरोप था। मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना के समर गार्डन क्षेत्र में यह मुठभेड़ हुई है। जानकारी के अनुसार, मेरठ पुलिस ने लिसाड़ी गेट थाना इलाके में पांच हत्या के आरोपी बदमाश नईम को मुठभेड़ में मार गिराया है। शनिवार को तड़के तीन बजे लिसाड़ी गेट थाना इलाके में यह मुठभेड़ हुई है। पुलिस ने नईम पर 50,000 रुपये का इनाम रखा हुआ था। नईम ने अपने सौतेले भाई राजमिस्त्री मोईन, पत्नी आसमा और उनकी तीन बेटियों की हत्या का मुख्य आरोपी था। अन्य राज्यों में भी नईम पर हत्या के मुकदमे दर्ज थे। लगातार मेरठ पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। बताया जा रहा है कि पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी बदमाश नईम समर गार्डन इलाके में दिखा है। इस पर पुलिस ने जाल बिछाया। जब पुलिस ने नईम को घेर लिया तो आरोपी नईम ने भागने का प्रयास किया। इस पर नईम ने पुलिस पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। गोली लगने से नईम घायल हो गया। घायल को अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने नईम को मृत घोषित कर दिया। मेरठ के लिसाड़ीगेट के सुहेल गार्डन में राजमिस्त्री मोईन उर्फ मोईनुद्दीन (52), उनकी पत्नी आसमा (45) और उनकी तीन बेटियां अफ्सा (8), अजीजा (4) और अदीबा (1) की पत्थर काटने वाली मशीन से गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। 9 जनवरी को रात 8:30 बजे मोईनुद्दीन के दो भाई वहां पहुंचे तो अंदर का मंजर देखकर उनकी चीख निकल गई। बेड के पास मोईन और बेड के अंदर बॉक्स में उनकी पत्नी और तीनों बेटियों के रक्तरंजित शव मिले। जानकारी लगते ही पुलिस अधिकारी पहुंच गए थे। एसएसपी विपिन ताड़ा के अनुसार, पांच लोगों की हत्या करने वाला नईम एक शातिर अपराधी था। परिवार के पांच लोगों की हत्या के इस जघन्य मामले को अंजाम देने के बाद से आरोपी फरार था।























# शाहपुर के कुटबी में डॉ. संजीव बलियान की ताई का निधन

## - दिन भर लग रहा शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता

**शाहपुर, 25 जनवरी (बु.)।** क्षेत्र के गांव कुटबी में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान की ताई व जिला पंचायत सदस्य सतेंद्र बालियान, मंसूरपुर गन्ना समिति के चेयरमैन अरुण बालियान की माता अजबो देवी के निधन के बाद शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता दिनभर तांता लगा रहा। सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने आवास पर पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। शाहपुर के गांव कुटबी निवासी जिला पंचायत सदस्य, शाहपुर के अमर नायक राहुल सिंह राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के अध्यक्ष सतेंद्र बालियान व मंसूरपुर गन्ना समिति के चेयरमैन अरुण बालियान की माता 92 वर्षीया अजबो देवी का बीमारी के चलते शुक्रवार देर शाम निधन हो गया था। अजबो देवी पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान की ताई थी। अजबो देवी के निधन की सूचना मिलने पर शनिवार को कुटबी में उनके आवास पर शोक व्यक्त करने के लिए भाजपा नेता पूर्व सांसद राजपाल सैनी, रालोद नेता सुधीर भारतीय, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन रामनाथ ठाकुर, हिन्दू जागरण मंच के नरेंद्र पंवार, बड़ौत चेयरमैन अमित राणा, मुजफ्फरनगर जिला गन्ना अधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, मेरठ भाजपा जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा, मेरठ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनिंदर पाल, मेरठ जिला कॉपरेटिव बैंक चैयरमैन विमल शर्मा, शाहपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी, बघरा ब्लॉक प्रमुख गौरव पंवार, जानसठ ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र कुमार शामली डीसीडीएफ चेयरमैन सहित अन्य लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।



# वहलना कट फ्लाई ओवर पर पुलिस व गौ तस्करों की मुठभेड़

**मुजफ्फरनगर, 25 जनवरी (बु.)।** शुक्रवार की देर रात खालापार पुलिस को सूचना मिली थी कि शामली रोड पर वहलना कट फ्लाई ओवर के पास कुछ गौ तस्कर गौकशी करने के लिए जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस हरकत में आई और मौके पर पहुंचकर गौ तस्करों की घेराबंदी की। घेराबंदी होने के बाद तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसमें जवाबी कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा भी फायरिंग की गई, जिसमें तीन गौ तस्कर घायल हो गये, वहीं पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान दो गौ तस्करों को दबोच भी लिया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर महावीर सिंह चौहान ने मुठभेड़ की जानकारी देते हुए बताया कि घायल गौ तस्करों में मन्शाद उर्फ सोना, शादाब उर्फ चीड़ा निवासी लीकड़ा पट्टी सूजडू थाना खालापार और विसार निवासी सरवट थाना सिविल लाइन शामिल हैं। जबकि कॉम्बिंग के दौरान गहरा बाग निवासी इकरार उर्फ कालिया तथा रिजवान उर्फ रिज्जू निवासी सूजडू को दबोच लिया। पुलिस को मौके से तीन तमंचे, तीन जिंदा गौवंश, पांच मोबाइल फोन, एक बुलेट, गौकशी के उपकरण कार और स्कूटी बरामद हुई। सभी गिरफ्तार गौ तस्करों पर जनपद व आसपास के जनपदों में कई आपराधिक मामले दर्ज बताये गये हैं। गिरफ्तार मन्शाद, इसरार व शादाब खालापार थाने के हिस्ट्रीशीटर बदमाश भी हैं।







# 7 चोरों को पकड़कर किया 6 घटनाओं का खुलासा

**बुढाना, 25 जनवरी (बु.)।** पुलिस ने मोबाइल के टावरों और दुकानों से सामान की चोरी करने वाले गैंग के 7 सदस्यों को पकड़कर चोरी की 6 घटनाओं का खुलासा कर चोरी का सामान, नगदी व अवैध शस्त्र बरामद किए हैं। चोरों के पास से पुलिस टीम ने एक आरआयू डिवाईज, केबिल काटने के दो कटर, 2 बोरी मूंगफली, 3 तमन्चे, 3 कारतूस, 3 चाकू, 30 हजार रुपये नगद, 8 मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त एक आईटेन कार बरामद की है। पकड़े गये चोरों ने अपने नाम फैजान पुत्र निजामुद्दीन, असलम पुत्र शमशाद निवासीगण मंसूरपुर, आमिर पुत्र सलीम, अनस पुत्र नौशाद, समद पुत्र शमशाद निवासीगण दक्षिणी खालापार मुजफ्फरनगर, मनीष पुत्र यशपाल निवासी हड़ौली भौरांकला व.साकिब पुत्र सफी उर्फ कालू निवासी दिल्ली है। पुलिस ने सबको बड़ौत रोड से चैकिंग के दौरान पकड़े हैं। चोरों ने अमित पुत्र ब्रजपाल ग्राम सठेड़ी की मूंगफली की बोरी व अजयवीर पुत्र राजकुमार निवासी मेरठ के चंधेड़ी रोड पर लगे टावर से डिवाइज चोरी की थी। इनको सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में कस्बा इंचार्ज ललित कसाना, गढ़ी चौकी प्रभारी संदीप कुमार व बायवाला चौकी प्रभारी किशनपाल सिंह ने पकड़ा है। इन सब पर 30 से ज्यादा अपराधिक मामले भी दर्ज हैं।

## दीवार गिरने से मां सहित दो बच्चे घायल

**भोपा, 25 जनवरी (बु.)।** बेहड़ा थ्रू गांव मे देर शाम मजदूर की कच्ची दीवार भर भराकर अचानक गिर गई जिसके नीचे दबकर महिला व उसके दो बच्चे घायल हो गये। पुलिस की सहायता से घायलों को भोपा अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू मे रिजवान की, पत्नी रुखसाना 35 वर्ष शनिवार की शाम चूल्हे पर रोटी बना रही थी। वहीं बराबर मे उसकी 12 वर्षीय पुत्री इकरा व तीन वर्षीय पुत्र इशान भी बैठे हुए थे की अचानक बरबार की कच्ची दीवार तेज आवाज के साथ गिर गई। दीवार को गिरा देख बरामदे मे मौजूद रिजवान ने शोर मचाया। जिसपर ग्रामीण उधर दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद रुखसाना, इकरार, ईशान को मलबे से बाहर निकाला गया।सूचना पर पहुंची पुलिस की सहायता से एम्बुलेंस द्वारा घायलों को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया। जहां उनका उपचार जारी है।










## हरिद्वार में सभासद का चुनाव जीती शाहपुर क्षेत्र की अरूणा बालियान

**शाहपुर, 25 जनवरी (बु.)।** क्षेत्र के गांव दुल्हेरा निवासी पूर्व प्रधान ब्रह्मपाल की पुत्रवधू अरुणा बालियान उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार की शिवालिक नगर पंचायत में दूसरी बार सभासद का चुनाव जीतने पर खुशी की लहर है। शाहपुर के गांव दुल्हेरा निवासी पूर्व प्रधान स्व. ब्रह्मपाल का पुत्र अनिल बालियान काफी समय से हरिद्वार जनपद के शिवालिक नगर में परिवार सहित रहता है। उत्तराखंड में हाल ही में हुए चुनाव में अनिल बालियान की पत्नी पूर्व सभासद अरुणा बालियान में वार्ड नम्बर 11 पर भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। शनिवार को हुई मतगणना में अरुणा बालियान चुनाव जीत गयी, जिससे गांव दुल्हेरा में आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। अनिल बालियान ने बताया कि उनकी पत्नी अरुणा बालियान लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुई है। पूर्व में उन्होंने निर्दलीय चुनाव जीता था। इस बार भाजपा ने उन्हें अपना प्रत्याशी बनाया था। अरुणा बालियान के दूसरी बार सभासद बनने पर भारी संख्या में समर्थक हरिद्वार भी पहुंच गए।

## मकान खाली न करने वाली महिला की सीओ से शिकायत

**बुढाना, 25 जनवरी (बु.)।** एक महिला पर बिके हुए मकान को खाली ना करने का आरोप लगाकर सीओ को शिकायत की गयी है। इनाम पुत्र लतीफ निवासी ग्राम तावली ने बताया कि उसका पुत्र शौकीन व पुत्र वधू तबस्सुम करीब 12 वर्ष से उसके पुश्तैनी मकान में अलग गृहस्थी बसाकर जीवन यापन कर रहे थे। उसकी पत्नी खुर्शीदा बीते 6 वर्षों से ब्रेस्ट कैंसर की मरीज है। अभी भी खुशीर्दा का ईलाज जारी है। उसका पुत्र शौकीन उसे कोई खर्च नहीं देता। मजबूरन उसने अपना पुश्तैनी मकान मौहल्ले के इकबाल पुत्र रफीक को साढ़े 8 लाख रुपये में बीते वर्ष 7 नवम्बर को बेच दिया था और रकम पत्नी के ईलाज पर खर्च कर दी। मकान बेचने के बाद जब उसने उक्त मकान का कब्जा क्रेता इकबाल को देना चाहा और अपनी पुत्रवधु तबस्सुम को मकान खाली करने को कहा, तो उसने मकान खाली करने से इंकार कर दिया। ये बात उसने अपने पुत्र शौकीन को बताई तो वो भी लड़ने लगा। इस बात का पता चलने पर इकबाल अब उससे रुपये एवं बैनामा वापस लौटाने को कह रहा है। उसने सारा रुपया पत्नी के ईलाज में खर्च कर दिया है और अब वो इकबाल के रुपये वापस नहीं कर सकता, जब यह बात उसने अपनी पुत्रवधु को समझाई तो उसने कमरे में कुंडी लगाकर मकान में आग लगा ली और पुलिस को सूचना दी कि उसे ससुर जलाकर मारना चाहता है। वह बेहद तंग है। उसके पास आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं है, उसे उसका मकान तबस्सुम से दिलाया जाये नहीं तो वो कोई गलत कदम उठा लेगा।

## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. इलाहाबाद बोर्ड की संस्थागत हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक-0646175 तथा इण्टरमीडिएट की मुख्य परीक्षा वर्ष 2020, अनुक्रमांक - 0463045 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**कार्तिक मित्तल पुत्र सुधांशु मित्तल**
**388-कृष्णापुरी, निकट भोला पंडित मंदिर, मुजफ्फरनगर**




गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमेश सैनी
पूर्व चेयरमैन, नगर पंचायत-शाहपुर


THE SKYLAND SCHOOL
THE SKYLAND School
Budhana Road, Shahpur
Affiliated with CBSE 10+2
स्काईलैंड स्कूल
की ओर से
सभी जनपदवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल गोयल
(प्रबन्धक)
मनोज गोयल
(प्रधानाचार्य)


मैसर्स इंजीनियर्स फ्यूल प्वाइंट पेट्रोल पंप
शाहपुर की ओर से
आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की अनंत शुभकामनाएं
HAPPY Republic Day
निवेदक-
राजेश सिंघल
पूर्व चेयरमैन नगर पंचायत, शाहपुर


26
Happy Republic Day
JANUARY
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
ऋषभ गोयल
युवा भाजपा नेता
शाहपुर




# एसडी इंजी. में टैबलेट वितरण का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 25 जनवरी (बुस.)।** जानसठ रोड स्थित एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत टैबलेट वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 180 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किये गये। कार्यक्रम कर शुभारंभ मिनाक्षी स्वरूप, चेयरमैन, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर व संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। चेयरमैन मिनाक्षी स्वरूप ने समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित कर उन्हे जीवन में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से टेबलेट का उपयोग कर शिक्षण कार्य को गति देने के साथ अपने ज्ञान को बढ़ाने में प्रयोग करने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि आजकल, तकनीकी विकास के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी डिजिटल उपकरणों का महत्व बढ़ता जा रहा है। इनमें से एक प्रमुख उपकरण है टैबलेट, जिसका वितरण अब सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य कई उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। भारत सरकार ने शिक्षा में डिजिटल रूपांतरण को बढ़ावा देने के लिए टेबलेट वितरित कर नई पहल की हैं। इसके तहत, स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों को टैबलेट वितरित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इन टैबलेट्स में शिक्षण सामग्री, पाठ्यक्रम, वीडियो, और अन्य डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं। इसका उद्देश्य छात्रों को बेहतर तरीके से अध्ययन करने के अवसर प्रदान करना है, साथ ही यह उन बच्चों के लिए भी सहायक है, जो पारंपरिक शिक्षा के साधनों से दूर हैं। शिक्षा की कोई सीमा नहीं होती चाहे आप किसी भी विधा में शिक्षा ले रहे हों। स्मार्टफोन व टैबलेट आपके जीवन को नई दिशा दे सकते हैं, बशर्ते इनका सही प्रयोग किया जाये। सचिव-अनुभव कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें देते हुये कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर कई प्रकार की योजनाएं चलाई जाती हैं और हाल ही में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए सभी छात्र-छात्राओं के लिए टेबलेट वितरण योजना को शुरू किया गया है। यह एक सकारात्मक कदम है जो शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में डिजिटल विकास को बढ़ावा दे रहा है। हालांकि कुछ चुनौतियाँ हैं, लेकिन अगर इनका समाधान किया जाए, तो यह पहल भारत के डिजिटल भविष्य के लिए एक मजबूत आधार साबित हो सकती है। टैबलेट्स का उपयोग विद्यार्थियों की शिक्षा को समृद्ध करने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने में सहायक होगा। टैबलेट्स के माध्यम से छात्रों को कहीं भी और कभी भी अपनी पढ़ाई करने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं।



## कई वाहन चालकों पर लगाया भारी जुर्माना तो मचा हड़कंप

**बुढाना, 25 जनवरी (बु.)।** क्षेत्र के अंतर्गत परिवहन विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई के चलते आज शनिवार की सुबह कई वाहनों पर जुर्माना लगाया और कई वाहनों के चालान भी काटे गये। इस दौरान अन्य वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और वे इधर-उधर रास्ता काटते नजर आए।

मिली जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर जनपद के जिला अधिकारी उमेश चंद्र मिश्रा के निर्देश पर आज शनिवार की सुबह से ही बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र में एआरटीओ सुनील मिश्रा की वाहन चालकों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई से जबरदस्त हड़कंप मच गया। आरटीओ द्वारा सुबह के समय स्कूल में चल रही बिना फिटनेस की गाड़ी को पकड़कर थाने पहुंचाई गयी और यही नहीं 63 हजार 300 रुपए का भी जुर्माना लगाया गया। इसके साथ साथ 05 वाहनों के भी चालान काट गये। कुल मिलाकर सुबह के समय हुई इस कार्रवाई से डग्गामार वाहन चालक में हड़कंप मच गया और चालक इधर उधर रास्ता काटते नजर आए।

# तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में सचिव पद में कांटे की टक्कर में योगेश गुर्जर ने बाजी मारी

## - अध्यक्ष पद पर शशि सैनी 21 वोटो से विजई हुए।

**जानसठ, 25 जनवरी (बु.)।** तहसील बार एसोसिएशन जानसठ का चुनाव शुक्रवार को समाप्त हो गया था, जिसकी मतगणना शनिवार की दोपहर करीब 11:30 बजे शुरू हुई। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न हुई। एल्डर कमेटी के चेयरमैन प्रदीप कुमार गोयल ने बताया कि अध्यक्ष पद पर चार प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। चार प्रत्याशियों में शशि सैनी ने 21 वोटो से बाजी मारी। दूसरे स्थान पर प्रदीप कुमार गर्ग रहे जी ने 44 वोट मिली, जबकि प्रदुमन बितवल को 33 और योगेश कुमार बितवल को 15 मत मिले। सचिव पद पर योगेश कुमार गुर्जर और संजीव कुमार चौधरी के बीच कांटे का मुकाबला रहा, जिसमें योगेश कुमार 64 वोट लेकर विजई हुए, जबकि संजीव चौधरी को 58 मत मिले। अबरार हुसैन 23 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे, जबकि प्रमोद कुमार को केवल 13 वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद पर कुल चार प्रत्याशी के बीच मुकाबला था, जिसमें कमलदीप 46 वोट पाकर विजय हुए, जबकि दूसरे स्थान पर अनुज कुमार शर्मा को 37 मत मिले। रघुनाथ सिंह को 38, मोहम्मद नईम को 33 वोट मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शहजाद अली सबसे अधिक 71 वोट लेकर विजई घोषित हुए, जबकि नरेश कुमार को 52 और रमेश चंद शर्मा को 28 वोट मत प्राप्तहुए। उपाध्यक्ष पद पर देवेंद्र कुमार 59 वोट पाकर और अनुज कुमार कंसल 55 वोट पाकर विजई घोषित हुए, जबकि अफसर मेहंदी और चांद वीर को 45.45 वोट और शशि भूषण को 28 वोट मिले। कनिष्क उपाध्यक्ष पद पर सोनू कुमार को 84 वोट मिले, जबकि उनके सामने चुनाव लड़ रहे हैं। नोमान खालिद को 62 वोट मिले। वरिष्ठ सदस्य पद पर कल 12 प्रत्याशियों ने आवेदन किया था, जिसमें से 6 प्रत्याशी फिलहाल मेहंदी, जयंती, सतीश चंद्र, वेदपाल चौहान, बृजेश कुमार, आबिद, जाहिर, विजय घोषित हुए। कनिष्क सदस्य पद पर कुल 10 प्रतिभागियों ने चुनाव लड़ा, जिनमें से सीमा, रोहित सैनी, सुमन, मेहंदी जड़ी, किरण पाल सैनी, मोहम्मद ईमान अली विजय घोषित हुए। सह सचिव पद पर कुल 6 प्रतिभागियों ने चुनाव लड़ा, जिसमें से सात्विक आर्य को 72 वोट परीक्षित को 64 वोट और साहिब आलम को 59 वोट पाकर विजई हुए।



## जीत के साथी अध्यक्ष शशि सैनी ने सचिव योगेश गुर्जर के गले में डाली माला

**जानसठ, 25 जनवरी (बु.)।** इस बार संघ जानसठ का चुनाव बड़ा ही दिलचस्प रहा। गत 2 वर्षों से पूर्व अध्यक्ष शशि सैनी और योगेश गुर्जर के बीच विवाद चला रहा था, जिसको लेकर चुनाव बाद ही दिलचस्प बन गया था। जानसठ बार के अधिवक्ताओं ने इस बार दोनों प्रतिद्वंदियों को अध्यक्ष और सचिव बना कर अपनी मंशा साफ कर दी थी कि इस विवाद का पटाक्षेप शायद इसी तरह से हो सकता है। अधिवक्ताओं की उम्मीद पर खड़ा उतारते हुए जैसे ही शशि सैनी और योगेश गुर्जर का सामना हुआ, तो शशि सैनी ने अपने गले की माला से नवनिर्वाचित सचिव योगेश गुर्जर का स्वागत किया, जिसके बाद दोनों गुटों के समर्थक आपस में एक दूसरे को मिठाई खिलने लगे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस अवसर पर व्यापार संगठन पदाधिकारियों ने ली शपथ



**मुजफ्फरनगर, 25 जनवरी (बुस.)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि के प्रदेश उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर तुलसी पार्क में लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने व देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने के साथ स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने की शपथ ली गई। प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल ने कहा कि किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में हम अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करेंगे। इस अवसर पर संगठन के पवन वर्मा, तरुण मित्तल, विजय प्रताप सिंह,भूपेंद्र गोयल, बृज कुंवर गर्ग, राजेंद्र अरोरा, हरिओम शर्मा, जयेंद्र प्रकाश, महेंद्र नाथ, संजीव संगम, फिरोज शेख, उज्जवल वर्मा, चंद्र मोहन, सुरेंद्र ठाकुर, राजीव कुमार, मनीष अरोरा, किरण पाल, मोहित कुमार सहित अनेकों पदाधिकारियों व व्यापारियों द्वारा शपथ ग्रहण की गई।







## जाने माने लेखक डॉ. अवद्येश कौशिक को विरेन्द्र कुमार प्रेमी जी करेंगे सम्मानित



**मुजफ्फरनगर, 25 जनवरी (बुस.)।** अंग्रेजी भाषा के जाने माने लेखक मुजफ्फरनगर निवासी डॉ. अवद्येश कौशिक को 26 जनवरी के अवसर पर लिबटी पब्लिकेशन्स द्वारा उनकी किताब हाऊ टू मैन पॉजिटिव एनर्जी के लिए सम्मानित किया जायेगा।

डॉ. अवद्येश कौशिक को यह अवार्ड रूड़की रोड स्थित बढ़ेड़ी के पाणिनि आर्श गुरूकुलम में दिया जायेगा। डॉ. अवद्येश कौशिक को यह अवार्ड लिबर्टी पब्लिकेशन्स के मैनेजर विरेन्द्र कुमार प्रेमजी अपने शुभ हाथों से देंगे। डॉ. अवद्येश कौशिक अनेकों मंचों पर सम्मानित हो चुके हैं।
















गणतंत्र दिवस
Happy Republic Day
गणतन्त्र दिवस 26 JANUARY
की हार्दिक शुभकामनाएं
सत्येंद्र पाल
युवा सपा नेता, शाहपुर
11 विधानसभा क्षेत्र, बुढ़ाना


समस्त शाहपुरवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सिराज मलिक कांट्रेक्टर, शाहपुर


नेशनल प्रॉपर्टी डीलर्स शाहपुर
की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
हाजी शाहिद त्यागी
प्रमुख समाजसेवी शाहपुर
हाजी अकरम कुरैशी
अध्यक्ष नगर पंचायत शाहपुर
गणतन्त्र दिवस Happy Republic Day 26 JANUARY
तोहिद त्यागी
युवा समाज सेवी शाहपुर
नेशनल प्रॉपर्टी डीलर्स शाहपुर
हाजी मुरसलीन राईन
पूर्व प्रधान ग्राम बसी कलां


कार्यालिय नगर पंचायत शाहपुर, मुजफ्फरनगर
पत्रांक :- मीमो / न०पं०शा०/ 2024-25
दिनांक:- 24.01.2025
76TH Happy Republic Day
स्वच्छ शाहपुर सुन्दर शाहपुर
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
1. नगर को स्वच्छ रखने में सफाई मित्रों का सहयोग करे।
2. गीला-सूखा कूडा अलग अलग कर अपने वार्ड के सफाई कर्मचारी को दे।
3. जल को व्यर्थ न बहाये।
4. नगर को पॉलिथीन मुक्त बनाने में सहयोग करे।
5. नगर पंचायत के करों का समय से भुगतान करे।
6. सामुदायिक / सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करे।
दीपक कुमार
अधिशासी अधिकारी - नगर पंचायत शाहपुर
हाजी अकरम (कल्लू)
अध्यक्ष - नगर पंचायत शाहपुर
एवं समस्त सभासदगण नगर पंचायत, शाहपुर, मुजफ्फरनगर



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## भारत का 76वां गणतंत्र दिवस

देश का संविधान लागू हुए 75 साल पूरे हो चुके हैं। आज भारत अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस दिन 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था, तब से भारत एक गणतंत्र देश बन गया। गणतंत्र दिवस हमें अपने संविधान का सम्मान करने की याद दिलाता है। यह हमें उत्कृष्ट भारत बनाने के लिए काम करने के लिए भी प्रेरित करता है। मगर यह भी देखा गया है कि संविधान के सम्मान के नाम पर कुछ लोग ऐसे कृत्य करते हैं, जिन्हें संविधान का सम्मान तो कहा नहीं जा सकता। आज नयी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर एक बड़ी परेड होगी हर वर्ष होती है। यह परेड भारत की शक्ति, संस्कृति और उपलब्धियों को दिखाती है। इस अवसर पर बहादुर सैनिकों और नागरिकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाता है। भारत का संविधान भारत के प्रत्येक नागरिक को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की गारंटी देता है। 26 जनवरी का दिन हमें डॉ. बी.आर.अंबेडकर जैसे हमारे महान नेताओं के दृष्टिकोण की याद दिलाता है। गणतंत्र दिवस हमें लोकतंत्र और विविधता में एकता के मूल्यों को बनाए रखने के हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। बीते कुछ सालों में भारत ने तकनीक, शिक्षा और वैश्विक स्तर पर उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। हम सब मिलकर सामाजिक बुराइयों को खत्म करने और वैश्विक मंच पर भारत को गौरवान्वित करने की दिशा में काम कर सकते हैं। भारत के 76वें गणतंत्र दिवस 2025 की थीम 'स्वर्णिम भारत विरासत और विकास' है। ये थीम देश की विरासत को संभालते हुए भारत की प्रगति की यात्रा को दर्शाती है। स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अनेक घटनाओं ने 26 जनवरी को महत्वपूर्ण दिन बनाया। यही कारण है कि इस दिन को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के दिन के तौर पर चुना। कांग्रेस ने 19 दिसंबर 1929 को अपने लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव में भारत के लिए पूर्ण स्वतंत्रता की मांग की गई थी। भारत के डोमिनियन दर्जे को लेकर ब्रिटिश और स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं के बीच बातचीत बेनतीजा होने के बाद यह प्रस्ताव पारित किया गया था। यह पूरी तरह से इरविन समझौते की विफलता थी। इसके कारण पूर्ण स्वराज प्रस्ताव की घोषणा की गई और जवाहरलाल नेहरू ने रावी नदी के तट पर तिरंगा झंडा फहराया। इसी प्रस्ताव में घोषणा की गई कि भारत 26 जनवरी को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। इसको 17 साल तक पूर्ण स्वराज दिवस के रूप में मनाया गया। इस बार की परेड 90 मिनट में पूरी हो जाएगी, जिसकी शुरूआत 300 कलाकारों के साथ होगी और इस परेड में 18 मार्चिंग कंटिजेंट, 15 बैंड और 31 झांकियां शामिल होंगी। इस दौरान कुल 5,000 कलाकार कर्तव्य पथ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। आज कर्तव्य पथ पर सैन्य शक्ति और भारतीय सांस्कृति विरासत का अभूतपूर्व प्रदर्शन होगा रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन भी अपनी झांकी पेश करेगा, जिसकी थीम रक्षा कवच-मल्टी प्रोटेक्शन अगेंस्ट मल्टी-डोमेन थ्रेट है। इसमें अडवांस डिफेंस डनोवेशन को प्रदर्शित किया जाएगा। इस वर्ष के मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो हैं। आज इन अस्त्रों का प्रदर्शन होगा। नाग मिसाइल सिस्टम, टी-90 भीष्म टैंक, सारथ टैंक, ब्रह्मोस मोबाइल लॉन्चर, पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर, चेतक ऑल टेरेन वाहन, बजरंग लाइट स्पेशलिस्ट वाहन, अग्निबाण मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, 500 किलोमीटर की रेंज वाली प्रलय मिसाइल, शॉर्ट स्पैन ब्रिजिंग सिस्टम 10 मीटर और आकाश वेपन सिस्टम। देशभर से 178 जल योद्धाओं को यहां परेड में शामिल होने और जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मिलने के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। गणतंत्र दिवस परेड के बाद 29 जनवरी को विजय चौक पर बीटिंग द रिट्रीट समारोह आयोजित किया जाएगा। 121 संगीतकारों वाला वायुसेना का बैंड यहां यादगार धुनें प्रस्तुत करेगा। इस बार गणतंत्र दिवस परेड को देखने के लिए लगभग 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। परेड का गवाह बनने को विविध पृष्ठभूमि वाले भारत के उन स्वर्णिम निमार्ताओं को आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने सरकार की योजनाओं का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, जिन सरपंचों के गांवों ने चुनिंदा सरकारी पहलों में लक्ष्य हासिल किए हैं, उन्हें आमंत्रित किया गया है। खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य, जल स्वच्छता और सफाई, पंचायती राज संस्थाओं-समुदाय आधारित संगठनों के अभिसरण और लैंगिक गतिविधियों के क्षेत्रों में काम करने वाले एसएचजी को आमंत्रित किया गया है। ऐसे एसएचजी सदस्य को प्राथमिकता दी गई है, जो दिल्ली नहीं गए हैं। पीएम-जनमन मिशन प्रतिभागियों, आदिवासी कारीगरों, वन धन विकास योजना के सदस्यों, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम उपक्रमों, आशा कार्यकर्ताओं, मायभारत स्वयंसेवकों को आमंत्रित किया गया है। आपदा राहत और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आपदा राहत कार्यकर्ताओं, पानी समिति, जल योद्धाओं, सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों, वन और वन्यजीव संरक्षण स्वयंसेवकों को पहली बार गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। पीएम सूर्य घर योजना और पीएम कुसुम के तहत पर्यावरण संरक्षण और अक्षय ऊर्जा के उपयोग में सहयोग करने वाले किसानों और परिवारों को भी पहली बार आमंत्रित किया गया है। पैरा-ओलंपिक दल के सदस्य, शतरंज ओलंपियाड पदक विजेता, ब्रिज वर्ल्ड गेम्स रजत पदक विजेता और स्नूकर वर्ल्ड चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेता को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, क्योंकि उन्होंने अपने-अपने खेलों में अपने प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया है। देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत स्कूली बच्चे जो अखिल भारतीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता और वीर गाथा प्रतियोगिता के विजेता बनकर उभरे हैं, वे भी गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### चार मोती

सुनील उत्सव

'अक्ल' 'पैदल' 'सियासी' 'नौटंकी'

भ्रष्टों की भी कमी नहीं है, विक्षिप्तों की कमी नहीं,
अक्ल से पैदल मक्कारों की, बीमारों की कमी नहीं।
एक को ढूंढने जाओगे तो मिल जाएंगे एक हजार,
आज सियासी नौटंकी के किरदारों की कमी नहीं।


### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय भुम्मा 1-8 जानसठ, मुजफ्फरनगर की कृषि योग्य भूमि खसरा नं.408/1 रकबा 03790 हेक्टेयर (6 बीघा कच्चा) कृषि कार्य हेतु 4 वर्ष हेतु ठेके पर दी जानी है। इसकी नीलामी दिनांक 4 फरवरी 2025 दिन -मंगलवार प्रात: 12 बजे दोपहर विद्यालय प्रांगण में होगी। इच्छुक व्यक्ति ससमय उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करें।

अंशु काम्बोज
प्रधानाध्यापक
उच्च प्रा0 विद्यालय (1-8) भुम्मा
वि0क्षे0 जानसठ (मुजफ्फरनगर)



## कार्यालय नगर पंचायत, थानाभवन जनपद-शामली


पत्रांक-672 / न०पं०था० / को०उपविधि/ 2024-25 दिनांक - 25-01-2025

### कोलोनाइजर (नई कॉलोनी के विकास हेतु ) उपविधि 2024

नगर पंचायत थानाभवन द्वारा दिनांक **04-07-2024** को बोर्ड बैठक आहूत की गयी। उक्त बोर्ड बैठक में बहुमत के साथ **प्रस्ताव संख्या 06** के द्वारा **माननीय बोर्ड** द्वारा अपनी सीमा के अन्तर्गत नगर पंचायत थानाभवन द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **कोलोनाइजर (नई कॉलोनी के विकास हेतु) उपविधि 2024** को प्रस्तावित किया गया। उक्त बहुमत से पारित प्रस्ताव के अनुपालन में नगर पंचायत थानाभवन द्वारा **पत्र संख्या 567/ न०पं०था0/ को०उपविधि / 2024 दिनांक 19-11-2024** को इस उपविधि को दावे/आपत्ति प्राप्त करने की दृष्टि से **दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय सहारा एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन** में **दिनांक 20-11-2024** को अनंतिम रूप से प्रकाशित किया गया था। निर्धारित समय अवधि बीत जाने के बाद उपविधि पर कोई भी आपत्ति नगर पंचायत कार्यालय को प्राप्त नहीं हुयी ।

नगर पंचायत थानाभवन द्वारा इस उपविधि को पुनः विचारार्थ एवं अनुमोदन हेतु **बोर्ड बैठक दिनांक 21-01-2025** में माननीय बोर्ड के समक्ष रखा गया। बोर्ड बैठक में इस उपविधि पर विचार करते हुए **बोर्ड बैठक** के **प्रस्ताव संख्या 04** के द्वारा इसे यथावत स्वीकार करते हुये अनुमोदित कर दिया गया है। **बोर्ड बैठक के प्रस्ताव संख्या 04 दिनांक 21-01-2025** में यह भी निर्णय लिया गया कि इस उपविधि को तत्काल अन्तिम प्रकाशन कराकर गजट में प्रकाशित करा लिया जाये। माननीय बोर्ड के निर्णय के अनुपालन में इस उपविधि को यथावत स्वीकार करते हुए अंतिम रूप से आम जनमानस के सूचनार्थ **दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय सहारा एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन के दिनांक 26-01-2025** को प्रकाशित होने वाले अंक में प्रकाशित किया जा रहा है। **यह उपविधि गजट में प्रकाशन के दिनांक से प्रभावी मानी जायेगी।**

(जितेन्द्र राणा )
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत थानाभवन, जनपद - शामली





## छप्पर पर गिरा हाईवोल्ट विद्युत तार

**भोपा, 25 जनवरी (बु.)।** क्षेत्र के गांव रूड़कली निवासी किसान असजद के छप्पर के ऊपर से बिजली की हाईवोल्ट लाइन गुजर रही है। रोज की भांति छप्पर में उसके पालतू पशु बंधे हुए थे। इसी दौरान अचानक विद्युत तार टूटकर छप्पर पर गिर गया, जिससे छप्पर में आग लग गई। आग लगने से उसके दो पशु झुलस गए। साथ ही पास में खेल रहे बच्चे भी बाल-बाल बचे। शनिवार शाम को मामले को लेकर भाकियू अराजनीतिक के नेता अंकित जावला पीड़ित के साथ थाने पहुंचे और बिजली विभाग के खिलाफ कार्रवाई को लेकर थाने पर प्रदर्शन किया।

उचित कार्रवाई वह पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाए जाने के आश्वासन पर मामला शांत हो पाया।


## नि:शुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 जनवरी 2025, दिन मंगलवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

**इस कैम्प में**

- पित्त की थैली में पथरी, अपैंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छीकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा संम्बधित रोग जैसे- बावासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज

नि:शुल्क पी.एस.ए. (गदूद के कैंसर की जाँच) | ऑपरेशन पर भारी छूट | नि:शुल्क यूरोफ्लोमेट्री (पेशाब की धार की जाँच)

स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

**फ्री परामर्श का समय**

28 जनवरी 2025, मंगलवार प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779

रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें


## अर्जुन अवार्डी पैरा एथलीट प्रीति पाल को मिलेगा रानी लक्ष्मीबाई पुरुस्कार, ग्रामीणों में खुशी का माहौल



**रामराज, 25 जनवरी (बु.)।** गांव हाशमपुर निवासी पैरा एथलीट प्रीति पाल द्वारा विश्व पटल पर नाम रोशन करने वाली अर्जुन अवार्डी प्रीतिपाल को उत्तर प्रदेश सरकार रानी लक्ष्मीबाई से सम्मानित करेगी, जिससे परिवार के साथ साथ क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है। रामराज थानाक्षेत्र के गांव हाशमपुर निवासी एक सामान्य परिवार में जन्मी प्रीति पाल ने पेरिस में हुए पैरालंपिक गेम्स में दो कांस्य पदक जीतकर देश के साथ-साथ पूरी दुनिया में मुजफ्फरनगर का नाम रोशन करते हुए पैरालम्पिक गेम्स में इतिहास रच दिया तथा इसी के साथ प्रीति पाल एक ही पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गई थी, जिसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने प्रीतिपाल के माता-पिता से मोदीनगर के निकट बने एक स्टेडियम का उद्घाटन भी कराया था तथा बाद में जयंत चौधरी ने प्रीति पाल के गांव हाशमपुर स्थित घर पर पहुंचकर प्रीति पाल को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) का एम्बेसडर बनाते हुए संबंधित-पत्र भी प्रीति पाल को सौंपा था तथा कुछ दिन पूर्व प्रीतिपाल को खेल मंत्रालय की ओर से की गई घोषणा के बाद 17 जनवरी को भारत सरकार की ओर से प्रीतिपाल को दिल्ली बुलाकर खुद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देवी ने अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया था, जिसके बाद अब उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रीतिपाल को लखनऊ बुलाया, जहां गणतंत्र दिवस के अवसर पर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पैरा एथलीट प्रीति पाल को रानी लक्ष्मीबाई पुरुस्कार देंगे। प्रीतिपाल के पिता अनिल पाल ने बताया कि प्रीतिपाल सारी औपचारिकताएं पूरी कर लखनऊ पहुंच गई, जहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन्हें पुरुस्कार प्रदान करेंगे। बता दे कि इस पुरस्कार के तहत खेल जगत की हस्तियों को प्रशस्ति-पत्र, लक्ष्मण या रानी लक्ष्मीबाई की कांस्य प्रतिमा, एक स्क्रॉल और रूपये 3,11,000/- का नकद पुरस्कार दिया जाता है। वहीं प्रीतिपाल को रानी लक्ष्मीबाई पुरुस्कार मिलने से परिजनों में खुशी बनी हुई। सभी एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दे रहे हैं। इस दौरान अनिलपाल, सुनील पाल, अनिकेत, नेहापाल, शुभम तंवर, वंश,धर्मेन्द्र कुमार, आनन्द, ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## घायल शहजाद ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

**बुढाना, 25 जनवरी (बु.)।** गन्ने से भरी हुई बुग्गी की बम जोरदार तरीके से पेट मे लगने से बीती शुक्रवार को गंभीर रूप से घायल हुए लगभग 35 वर्षीय शहजाद राणा ने आज शनिवार को दिन निकलने से पहले ही अर्ध रात्रि में लगभग दो बजे मेरठ के एक निजी हस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शहजाद राणा की मौत की खबर सुनते ही जहां परिजनो में कोहराम मच गया, वहीं उन्होंने शहजाद के शव को बिना पोस्टमार्टम कराए ही आज दोपहर के समय सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में नम आंखों से सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। इस घटना को लेकर गांव में भारी शोक व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के मंदवाडा गांव का शहजाद पुत्र उमरदीन गांव के ही सलीम सैफी के गन्ने के कोल्हू में मजदूरी कर रहा था, तब कोल्हू में गन्ना लेकर आए किसान बुढ़ाना निवासी रवि की बुग्गी की बम लगने से शहजाद गंभीर रुप से घायल हो गया था, तब उसको मेरठ रैफर कर दिया गया था। जहां उसने उपचार के चलते अर्धरात्री में दम तोड़ दिया। आज शनिवार को उसको सुपुर्दे-ए-खाक कर दिया गया। मृतक के पांच पुत्री और दो मासूम पुत्र बताए गये हैं। घटना को लेकर गांव में शोक व्याप्त है और परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। इस घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को नहीं दी गयी है।

## मानसिक रूप से कमजोर युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**मुजफ्फरनगर, 25 जनवरी (बु.)।** शुक्रवार की रात्रि में रोहना व बामनहेड़ी के बीच एक व्यक्ति ट्रेन कट गया, जिसकी पहचान फेनी पुत्र मंगलू निवासी ग्राम बुड्ढाखेड़ा थाना चरथावल मुजफ्फरनगर के रूप में हुई मौके पर परिजनों को बुलाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई। परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक पिछले 2 दिन से लापता था व मानसिक रूप से कमजोर था। मृतक के परिजन दो दिन से लगातार उसे तलाश कर रहे थे।





कॉलेज कोड-270002

## भारत एजूकेशनल इंस्टीट्यूट

2 किमी. बरला-बसेड़ा रोड, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)-251307

डी.एल.एड. प्रशिक्षण सत्र 2024 में मैनेजमेंट कोटे की सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन।

**योग्यता :-**

सामान्य वर्ग/अन्य राज्य हेतु :-

शैक्षिक योग्यता - न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक

आयु सीमा - 1 जुलाई 2024 को अधिकतम आयु 35 वर्ष

नोट - उ.प्र. के मूल निवासी हेतु आरक्षित वर्ग व विकलांग वर्ग को नियमानुसार छूट

- आवेदन करने की तिथि 27.01.2025 से 06.02.2025
- मैरिट लगने की तिथि दिनांक - 08.02.2025

प्रथम चरण (केवल उ.प्र. के मूल निवासी हेतु )

- काउंसलिंग की तिथि दिनांक - 10.02.2025
- प्रवेश की अंतिम तिथि दिनांक - 12-02-2025

द्वितीय चरण ( उ.प्र. व अन्य राज्य के अभ्यर्थी हेतु)


- काउंसलिंग की तिथि दिनांक - 13.02.2025
- प्रवेश की अंतिम तिथि दिनांक - 17-02-2025

प्रशिक्षण प्रारम्भ होने की तिथि दिनांक 19/02/2025

सम्पर्क - 9917360366, 9012813638

वेबसाइट : www.beimzn.com ई-मेल: beimzn@rediffmail.com


CHILDREN ACADEMY
Senior Secondary School
(KEWALPURI and FRIENDS COLONY, MUZAFFARNAGAR)
(office) 0131-2441948, 2442948, (M) 9319422487 Website : www.childrenacademy.in
Recognized Institutions
ESTD. 1984
तमसो मा ज्योतिर्गमय
26 JANUARY
INDIA
चिल्ड्रन एकेडमी की ओर से
सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अमर पाँचाल
प्रधानाचार्य
सान्या निगम पाँचाल
उप प्रधानाचार्या
केवलपुरी, फ्रैन्ड्स कॉलोनी, मुजफ्फरनगर
Ph. : 9049899968


ॐ सभी जनपदवासियों को ॐ
गणतंत्र दिवस एवं
बसंत पंचमी व महाशिवरात्रि
वर्ष 2025 की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. जगदीश दत्त शर्मा
परम श्रद्धेय
पं. मदन मोहन मालवीय जी
संस्थापक
बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
(25.12.1861-12.11.1946)
इं. राधा रमण शर्मा
IIT रुड़की, 1961
अध्यक्ष
एड0 मनोज गौड़
उपाध्यक्ष
इं. प्रगेश गौतम
प्रबन्धक
एड0 अनिरुद्ध गौतम
कोषाध्यक्ष
इं. राजन कान्त वत्स
प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं
दि ब्राह्मण ट्रस्ट के ट्रस्टी व सदस्यगण
महामना मालवीय इण्टर कॉलिज व महामना मालवीय पब्लिक स्कूल, मुजफ्फरनगर


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आधुनिक गैस सर्विस
अलमासपुर इण्डेन सेवा
अन्नपूर्णा इण्डेन गैस सर्विस
दीपक गैस सर्विस
नेशनल गैस सर्विस
रघु इण्डेन सेवा
सरवट इण्डेन सेवा
शिव गौरी इण्डेन सेवा
श्री प्रभु इण्डेन गैस सर्विस
सौभाग्या श्री एच.पी. गैस एजेन्सी
स्वागत गैस सर्विस
विशाल गैस सर्विस
भारतगैस
इण्डेन
IndianOil SAFE. RELIABLE.CONVENIENT
दुर्घटनाओं से बचने के लिए कम्पनी का सुरक्षा होज पाइप (आईएसआई) ही प्रयोग करें।
गैस सिलेण्डर वैंडर से तोलकर ही खरीदें
गैस पाइप की खराबी पर खासतौर से ध्यान दें।


IIA INDIAN INDUSTRIES ASSOCIATION
26 January
HAPPY Republic Day
इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन
( आई.आई.ए. ) मुजफ्फरनगर चैप्टर
की ओर से आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन कुमार गोयल
चेयरमैन
अमित जैन
सचिव
अनुज स्वरूप बंसल
कोषाध्यक्ष
अमित गर्ग
वाइस चेयरमैन
पंकज जैन
वाइस चेयरमैन
सुशील अग्रवाल
वाइस चेयरमैन
मनीष भाटिया
वाइस चेयरमैन
दीपक सिंघल
ज्वाइंट सेक्रेटरी
राहुल मित्तल
ज्वाइंट सेक्रेटरी
संदीप जैन
ज्वाइंट सेक्रेटरी
उमेश गोयल
ज्वाइंट सेक्रेटरी
आकाश बंसल
ज्वाइंट सेक्रेटरी
अमन गुप्ता
ज्वाइंट सेक्रेटरी
समर्थ जैन
पीआरओ
राज शाह
पीआरओ